दिनांक 11 दिसंबर 2020 स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

सड़क बाधा करने वाले होर्डिंग्स और सामानों को हटवाया गया , सड़क पर सामान फैलाकर व्यापार करने वालों के खिलाफ की गई कार्यवाही

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के आकाशगंगा मार्केट में सड़क पर सामान बढ़ाकर व्यवसाय करने वालों के खिलाफ आज कार्यवाही की गई। जोन 01 के आयुक्त सुनील अग्रहरि की टीम ने कार्यवाही में दुकान के सड़क के सामने कई फीट तक सामान व स्टैण्डी होर्डिंग्स को हटाने की कार्रवाई की! इस प्रकार के कृतियों की वजह से आवागमन में परेशानी होने के साथ ही पार्किंग की समस्या बढ़ गई थी, जिसके चलते कार्यवाही करते हुए होर्डिंग्स और सड़क पर सायं कालीन खाद्य सामग्री बेचने वालों के अनियंत्रित सामग्रियों को हटवाया गया। आकाशगंगा मार्केट के पृथ्वी ईलेक्ट्रानिक्स द्वारा सड़क पर 10-15 फीसदी हिस्सा बाहर रखकर व्यापार करने को लेकर शिकायत भी प्राप्त हुई थी! शिकायत के आधार पर कार्रवाई करने निगम की टीम पहुंची तो पृथ्वी इलेक्ट्रॉनिक द्वारा 1 दिन की मोहलत मांगते हुए स्वयं कब्जा हटा लेने की बात कही है। अधिक सामग्री होने के कारण 1 दिन की मोहलत प्रदाय की गई है! आकाशगंगा में हुई कार्यवाही में करीब 15 दुकानों के सामने से अनियंत्रित सामग्रियों को हटाकर सड़क सुगम किया गया।

जनसम्पर्क अधिकारी